**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**16.11.2025/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे**

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों के नियमित निरीक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज शिमला ज़िले के चौपाल उपमण्डल के राजकीय विद्यालय खद्दर के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए सुधारों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और प्रदेश की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की रैंकिंग में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक विभिन्न श्रेणियों के 7 हज़ार नियमित शिक्षकों की भर्तियां की जा चुकी हैं और 9 हज़ार से अधिक पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर आज देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली में एक समारोह में शामिल हुए। समारोह के दौरान प्रेस की विश्वसनीयता बढ़ाने और भ्रामक खबरों से निपटने के लिए एक व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। सूचना व प्रसारण मंत्री ने मीडिया कर्मियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई दी और कहा कि हमारे लोकतंत्र में प्रेस की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर सूचना व प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल. मुरूगन भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज का दिन देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने में एक स्वतंत्र, ज़िम्मेदार और नीतिपरक प्रेस की भूमिका की पुष्टि करता है।

## सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को पीएम–किसान योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। इस किस्त के साथ, इस योजना के अंतर्गत देश भर के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 3 लाख 70 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे खाते में भेज दी जाएगी। इस योजना में किसान परिवारों को सालाना छह हज़ार रुपये दिए जाते हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण कार्यक्रमों में से एक है। इस योजना का 25 प्रतिशत से अधिक लाभ अब महिला किसानों को मिल रहा है। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि डिजिटल सुधारों ने इस योजना को काफ़ी मज़बूत किया है।

## किसान संघ

भारतीय किसान संघ ने राज्य सरकार से प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है। शिमला में किसान संघ की कार्यकारिणी की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. साई रेड्डी ने कहा कि आपदा के कारण हज़ारों किसानों के बाग–बागीचे और उपजाऊ भूमि नष्ट हो गई है। उन्होंने सरकार से किसानों के पुनर्वास और मुआवज़े के लिए ठोस नीति बनाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि वे केन्द्र सरकार के समक्ष भी किसानों के मुद्दों को उठाएंगे। किसान संघ के अध्यक्ष ने बाहरी राज्यों के लोगों द्वारा कृषि भूमि खरीदने पर भी चिंता जताई और इसे रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान लागू करने की मांग की।

## टेबल टैनिस

सोलन ज़िले में अर्की विधानसभा क्षेत्र के धमोग में युवा महोत्सव के तहत आयोजित छात्राओं की अंतर महाविद्यालय टेबल टैनिस प्रतियोगिता संपन्न हो गई है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 8 महाविद्यालयों की 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि युवाओं के जीवन को सफल बनाने में खेलों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि आज समाज में नशा एक चुनौती बना हुआ है और इससे निपटने के लिए खेल एक बेहतर उपाय है।

## विधिक सेवा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आज कुल्लू में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर ने प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से बार–बार हो रही जनहानि पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रदेशवासियों द्वारा प्रदर्शित मानवीय संवेदना देश की एकता, करूणा और सहयोग की भावना का परिचायक है।

.........................................